**Chapter 3 Segment 4**
**Life in India: Movie**

**"दिल्ली में जीवन"**

**Activity 1: Arrange the Sentences**
**Instruction:** Watch and listen to the conversational video below and arrange the following scattered sentences in order. Read the arranged lines loudly.
**YouTube video:**
https://www.youtube.com/watch?v=hEGRBES5Ab4&index=7&list=PLveLz7FIFiWsz8cgCmMn1TiVM9fvjWdzF
**Time:** 5:19 – 6:13

| No | Scattered Sentences |
|---|---|
| | लेकिन जिस दिन आप बोलेंगे कि आपने जो लेना-देना हो वह लेकर हमारा काम कर दीजिये तो फोरन कहेंगे कि आप कल आ जाइयेगा। |
| | अभी आप छोड़ जाइये। कल परसों आ जाना। आप चाहें दस चक्कर लगा लीजिये। |
| | आपको चाहें टेलिफ़ोन कनेक्शन लेना हो, बिजली का कनेक्शन लेना हो या कोई भी काम करवाना हो बिना चढ़ावा चढ़ाये कोई काम आज कल वहाँ नहीं होता। |
| | कहते कहते दस- पन्द्रह दिन भी निकल जायें तो कुछ पता नहीं उनका। |
| | सरकारी दफ़्तरों में अगर काम करवाना हो तो पैसे दिये बिना कोई काम नहीं होता। |
| | आप का काम हो जायेगा। |
| | बिलकुल सही कहते हैं लोग। |
| | पहले अगर आप उनके पास जायेंगे किसी काम के लिये तो वह कहेंगे कि हमारे पास टाइम नहीं है। |

**Activity 2: Read it Loud**

**Instruction:** Read the following dialogues loudly. Vocabulary list is given below.

सवाल: पहले आफ़िस या किसी भी सरकारी कार्यालयों में काम करवाने के लिये खुलेआम पैसे देने होते थे - क्या आज कल के माहोल में उसका कुछ सुधार आया है?

जवाब: बिलकुल सही कहते हैं लोग । सरकारी दफ़तरों में अगर काम करवाना हो तो पैसे दिये बिना कोई काम नहीं होता । पहले अगर आप उनके पास जायेंगे किसी काम के लिये तो वह कहेंगे कि हमारे पास टाइम नहीं है । अभी आप छोड़ जाइये । कल परसों आ जाना । कहते कहते दस- पन्द्रह दिन भी निकल जायें तो कुछ पता नहीं उनका । आप चाहें दस चक्कर लगा लीजिये । लेकिन जिस दिन आप बोलेंगे कि आपने जो लेना-देना हो वह लेकर हमारा काम कर दीजिये । तो फोरन कहेंगे कि आप कल आ जाइयेगा । आप का काम हो जायेगा । आपको चाहें टेलिफ़ोन कनेक्शन लेना हो, बिजली का कनेक्शन लेना हो या कोई भी काम करवाना हो बिना चढ़ावा चढ़ाये कोई काम आज कल वहाँ नहीं होता ।

## Vocabulary List 1:

| Hindi | English |
|---|---|
| सरकारी कार्यालयों में | In government offices |
| काम करवाने | To get the job done |
| खुलेआम | Openly |
| पैसे देने होते थे | Had to give money |
| आज कल के माहोल | Today's environment/situation |
| कुछ सुधार | Some improvement |

| | |
|---|---|
| बिलकुल सही | Absolutely right |
| अगर ---- तो | If ---- then |
| पैसे दिये बिना | Without giving any money |
| पहले अगर आप | If you in the beginning |
| छोड़ जाइये | You may leave it here |
| कल परसों | Day after tomorrow |
| कहते कहते | By saying so |
| दस- पन्द्रह दिन भी | Even if ten to fifteen days |
| निकल जायें | Goes by |
| तो कुछ पता नहीं | Still nothing going to happen |
| आप चाहें | You may |
| दस चक्कर लगा लीजिये | Take ten rounds |
| जिस दिन | Which day |
| जो लेना-देना हो | Whatever transaction |
| आपको चाहें | You might |
| टेलिफ़ोन कनेक्शन | Telephone connection |
| बिजली का कनेक्शन | Electricity connection |
| बिना चढ़ावा चढ़ाये | Without offering things/money |
| कोई काम नहीं होता | Nothing happens |

**Activity 3: True or False**

**Instruction:** Listen to the following dialogues and put a checkmark (✓) infront of the correct dialogues.

| | |
|---|---|
| | सरकारी कार्यालयों में काम करवाने के लिये खुलेआम पैसे देने होते थे । |
| | पहले अगर आप किसी दफ़तर में ख़ुद जायेंगे तो काम हो जाता था । |
| | आजकल दफ़तरों में काम करनेवाले लोग हमेशा कहते हैं कि टाइम नहीं है । |
| | लेकिन आप दफ़तरों के बाबू के पास छोड़कर आते हैं तो काम हो जाता है । |
| | जिस दिन आप बोलेंगे कि जो लेना-देना हो वह लेकर हमारा काम कर दीजिये तो फोरन काम बन जाता है । |
| | टेलिफ़ोन कनेक्शन हो या बिजली का कनेक्शन, बिना चढ़ावा चढ़ाये कोई काम आज कल वहाँ नहीं होता । |
| | लेकिन नई राजनैतिक दलों के कारण ऐसे कामों में बहुत सुधार आया है । |

**Activity 4: Comprehensive Questions**
**Instruction:** Listen to the following comprehensive questions and answer them in complete Hindi sentences.

| |
|---|
| १- इंडिया के सरकारी कार्यालयों में कैसा माहौल रहता है ? काम करने और कराने का ढंग कैसा रहता है ? |
| २- अगर आप किसी अफसर के पास काम करवाने के लिये जाते हैं तो वे लोग किस तरीके से जवाब देते हैं ? |
| ३- अगर अफसरों की टेबल पर फाइलें बगैरह रखकर आते हैं ताकि वे खुद ही काम को अंजाम दें तो क्या होता है ? |
| ४- सरकारी दफ़तरों में किस तरीके से काम करवाया जा सकता है ? |
| ५- मुझको अगर टेलिफ़ोन कनेक्शन या बिजली का कनेक्शन लेना हो तो मैं क्या करूँ ? |
| ६- अमरीका में आपने किस तरीके से टेलिफ़ोन कनेक्शन या बिजली का कनेक्शन लिया था ? कैसी मुसीबतों का सामना किया था ? |

**Activity 5: Support Your Opinion**
**Instruction:** Listen to the vocabulary list and support your opinion of the questions below. Video link is also attached.
**YouTube:**
https://www.youtube.com/watch?v=hEGRBES5Ab4&index=7&list=PLveLz7FIFiWsz8cgCmMn1TiVM9fvjWdzF

**Timing:** 6:14-7:20

# Vocabulary List 2:

| Hindi | English |
|---|---|
| पढ़ाई को लेकर | About studies |
| कामपीटिशन चल रहा है | Competition is running |
| बिलकुल सही | Absolutely right |
| लोग परेशान होते हैं | People are upset |
| जैसे कि | For example |
| किसी को पता नहीं | Nobody knows |
| पता नहीं चलता | Not known |
| इतना होता है | Is so much |
| उस से ज्यादा | More than that |
| थोड़ा भी | Even little bit |
| पढ़ाई में कम होगा | Weak in studies |
| तो फौरन | Immediately |
| मेसेज | Message |
| ट्युशन लगवाइये | Arrange a tuition |
| हर कोई | Everyone |
| अफोर्ड नहीं कर सकता | Unable to afford |
| सबसे बड़ी बात | The greatest thing |
| स्कूलों में ही | Only in schools |
| कहीं भी | Anywhere |
| डोनेशन के बिना | Without donation |
| काम नहीं चलता | Does not work |
| माँ बाप की इंटरव्यू | Interview of the parents |
| अलग होती है | Happens separately |
| पब्लिक | Public |

सवाल: आज कल वहाँ पर पढ़ाई को लेकर कितनी कामपीटिशन चल रही हैं न ?

जवाब: बिलकुल सही कहा आपने । पढ़ाई को लेकर लोग बहुत परेशान होते हैं । यहाँ जैसे कि बच्चे पढ़ाई करते हैं किसी को पता नहीं चलता । लेकिन वहाँ पर बच्चे तो परेशान होते ही हैं । वार्कलोड इतना होता है, लेकिन माँ बाप उस से ज्यादा परेशान होते हैं । बच्चा अगर थोड़ा भी पढ़ाई में कम होगा तो फौरन स्कूल से मेसेज आ जाता है कि आप इनको ट्युशन लगवाइये और ट्युशनस इतनी महंगी है कि हर कोई अफोर्ड नहीं कर सकता । सबसे बड़ी बात यह है कि वहाँ पर स्कूलों में ही एडमिशन के लिये ही इतनी परेशानी है कि कहीं भी डोनेशन के बिना काम नहीं चलता । माँ बाप की इंटरव्यू अलग होती है, बच्चों की इंटरव्यू अलग होती है । तो इससे पब्लिक बहुत परेशान होती है ।

## Support Your Opinion

| |
|---|
| १- आपको क्या लगता है कि आजकल पढ़ाई को लेकर क्यों इतनी प्रतियोगिता बढ़ गयी हैं ? |
| २- बढ़ती हुई प्रतियोगिता के कारण परिवार और समाज पर इसका कैसा असर हुआ  है ? |
| ३- बच्चा अगर पढ़ाई में थोड़ा सा पीछे रहता है तो स्कूल किस तरीके से उसको आगे बढ़ने के लिये सुझाव देता है ? |
| ४-  “स्कूल में एडमिशन के लिये डोनेशन देना आवश्यक है ।” इस बात से आप कहाँ तक सहमत हैं ? |
| ५- स्कूल में दाखिला लेने के लिये बच्चों के माता-पिता का साक्षात्कार लेना कहाँ तक युक्तिसंगत है? |

**Activity 6: True or False**
**Instruction:** Listen to the following audio file and check the correct answers accordingly.

| | | |
|---|---|---|
| | १ | इस अध्याय में समाज की बढ़ती हुई आबादी पर चिंता जता रही हैं। |
| | २ | दिल्ली के स्कूलों की पढ़ाई की व्यवस्था पर नज़र डाल रही हैं। |
| | ३ | कम उम्र के बच्चों पर बढ़ता हुआ पढ़ाई का बोझ। |
| | ४ | बच्चों की रूचि के अनुसार सीखाये गये विषयों पर बातचीत। |
| | ५ | बच्चों के भविष्य को लेकर माँ-बाप की लगातार बढ़ती हुई चिंता। |
| | ६ | स्कूल में एडमिशन की समस्या पर गहरी विचार। |
| | ७ | स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद को शामिल करने की आवश्यकता। |
| | ८ | स्कूल की अच्छी पढ़ाई के लिये डोनेशन देकर मदद का हाथ बढ़ाना। |
| | ९ | ट्युशनस का प्रचार-प्रसार के साथ-साथ इससे एक व्यवसाय बनाने पर ज़ोर देना। |
| | १० | बच्चों का साक्षात्कार एडमिशन के लिये आवश्यक नहीं। |
| | ११ | दिल्ली की जनता की बढ़ती हुई परेशानियों के अलग अलग कारणों पर सोच-विचार। |
| | १२ | स्कूल में एडमिशन के लिये माँ-बाप के साक्षात्कार लेने का सुझाव। |

**Activity 7: Support_Your Opinion/Thoughts**
**Instructions:** Listen to the following questions and state your own opinion on the topics.

| | |
|---|---|
| १ | आपकी पिछली टेक्सी यात्रा के बारे में बताइये। कब, कैसे और क्यों आपको टेक्सी लेनी पड़ी ? यह टेक्सी की यात्रा कितने समय के लिये थी और आपका कैसा अनुभव रहा था ? |
| २ | दिल्ली में बढ़ती हुई टेक्सियों की वजह से क्या क्या परिणाम सामने आया है ? इस विषय पर आप क्या कहना चाहेंगे/चाहेंगी ? |
| ३ | हाल ही में अगर आप कहीं सब्ज़ी ख़रीदने के लिये गये/गयी हैं तो उस अनुभव के बारे में बताइये। वहाँ पर सब्जियों को या दूसरी चीज़ों को रखने की जो व्यवस्था आपने देखी उसके बारे में क्या कहेंगे/कहेंगी ? |
| ४ | दिल्ली की आम जनताओं की सुख-सुविधाओं के बारे में आपको क्या पता है और विशेष रूप से इस वीडियो के द्वारा क्या पता चला है ? |
| ५ | दिल्ली शहर में ट्रैफिक से छूटकारा पाने के लिये १ जनवरी २०१६ को आड-इवन फार्मूला लागू किया गया था। इस विषय पर इंटरनेट पर खोजकर पूरी घटना का विवरण करें और विस्तार से बतायें कि उस फार्मूला का परिणाम क्या निकला ? |
| ६ | आपके अनुसार परिवार के लिये सब्ज़ी कहाँ से ख़रीदना लाभदायक है और क्यों ? अपने विचार के पक्ष में तर्क प्रस्तुत करें। |
| ७ | सब्ज़ीवाले हों या थैलेवाले, समाज के इस निम्न वर्ग के लोगों को अपने जीवन में कैसी कैसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ? थोड़ा विस्तार से वर्णन करें। |
| ८ | अमेरिका में महंगाई कहाँ कहाँ नज़र आयी हैं और आम जनता पर उसका कैसा असर पड़ा है ? आपकी सरकार ने महंगाई पर रोक लगाने के लिये कैसे कैसे कदम उठाये हैं ? |
| ९ | सोना-चांदी की बढ़ती हुई कीमत पर आपका क्या विचार है ? भारतीय |

| | |
|---|---|
| | समाज में गहने-ज़ेवरात के महत्व पर आप क्या बताना चाहेंगे/चाहेंगी ? |
| १० | "बढ़ती हुई महंगाई देश की सबसे बड़ी समस्या बन गयी है ।" इस मत से आप कहाँ तक सहमत हैं और अगर सहमत नहीं हैं तो क्यों ? |
| ११ | "आधुनिक कपड़े और भारतीय नारी" इस विषय पर आपका क्या विचार है ? |
| १२ | "भारतीय सभ्यता और संस्कृति बस गाँवों में ही सिमटकर रह गयी हैं ।" इसपर आपका क्या विचार है ? |
| १३ | भारतीय गाँव और शहरों में क्या अंतर आपको नज़र आता है ? विस्तार से वर्णन कीजिये । |
| १४ | आपने अपना बचपन जिस शहर या गाँव में गुज़ारा था उसके बारे में थोड़ा बताइये । साथ ही आप अभी जिस शहर में रह रहे/रही हैं उसके साथ उस जगह की तुलना करके यह विस्तार से वर्णन करें कि दोनों जगहों में कैसा फर्क और कैसी समानतायें हैं ? |
| १५ | आपने बचपन से अब तक कैसे कैसे बदलाव समाज में हो या अपने देश में देखे हैं ? आपके अनुसार उस बदलाव का कैसा असर लोगों पर हुआ है ? |
| १६ | पर्दा प्रथा से आप क्या समझते हैं और आपके अनुसार यह प्रथा किस तरीके से समाज में असर कर रहा है ? |
| १७ | भ्रष्टाचार किस तरीके से हमारे देश की प्रगति में बाधक बन गया है और इसको जड़ से उखाड़ फेंकने के लिये क्या करना चाहिये ? |
| १८ | एक गणतांत्रिक देश होने के नाते जनता के प्रति सरकार का दायित्व क्या होना चाहिये और वर्तमान हालात को देखकर क्या आपको ऐसा लगता है कि सरकार जनता की सुरक्षा में सम्पूर्णत: सफल हो पायी है ? |
| १९ | भारतीय और अमरीकन संस्कृतियों में आपको कैसा अंतर देखने को मिलता है ?  दोनों संस्कृतियों में दिखी गयी समानताओं पर भी अपना विचार व्यक्त करें । |
| २० | अमरीकी जनता और सुरक्षा विभाग के बीच के मतभेद का क्या-क्या कारण है और किस तरीके से समाज पर इसका बुरा प्रभाव पड़ा है ? |

| | |
|---|---|
| | आपके अनुसार इस मतभेद को कैसे दूर किया जा सकता है ? |
| २१ | भारतीय रीति-रिवाज़ों के बारे में आपको पहले क्या पता था और इस वीडिओ के द्वारा क्या पता चला है ? अगर आप और इस विषय में जानने की उत्सुकता रखते/रखती हैं तो क्या जानना है ? |
| २२ | “आजकल ज्यादातर देशो में संस्कृति का पालन केवल महिलाओं द्वारा ही हो रहा हैं ।” इसपर अपना विचार व्यक्त कीजिये। |
| २३ | “भिन्न देश भिन्न पहनावा” इसपर आपका क्या विचार है ? |
| २४ | अपने परिवार का इंटरव्यू लीजिये और अपने रिशतेदारों से पूछिये कि वे जब भारत/किसी दूसरे देश/दूसरे राज्य में थे तो उस समय के सांस्कृतिक अनुभवों के बारे में बताये । किसी ख़ास घटना का उल्लेख करना ना भूले । इंटरव्यू से पहले आप अपने सवाल तैयार कर लें और एक बार अपने अध्यापक/अध्यापिका से विचार-विमर्श भी कर लें । इंटव्यू अपनी कक्षा में ज़रूर पैश करें । |